चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| दैनिक जागरण | 28-01-25 | 5 | 5-6 |

# राष्ट्र की प्रगति में युवाओं का अहम योगदान : काम्बोज



हकृवि के गिरी सेंटर में मुख्यातिथि प्रो. बीआर काम्बोज सलामी लेते हुए •विज्ञप्ति

जासं•हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के गिरी सेंटर में 76वां गणतंत्र दिवस मनाया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर बीआर काम्बोज रहे। उनके साथ धर्मपत्नी एवं कैंपस स्कूल की निदेशिका संतोष कुमारी मौजूद रही। कार्यक्रम में डा. अशोक कुमार यादव विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। प्रो. काम्बोज ने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा किसानों की आय बढ़ाने के लिए लगातार किये जा रहे प्रयासों की चर्चा की। इस दौरान कैंपस स्कूल व विभिन्न महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओतप्रोत रंगारंग कार्यक्रम व भाषण प्रस्तुत किए गए। छात्र कल्याण निदेशक डा. मदन खीचड़ ने मुख्यातिथि का स्वागत किया और डा. सुशील लेगा ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 28.01.25 | 7 | 5 |



मुख्यातिथि प्रो. बीआर काम्बोज सलामी लेते हुए।

## युवा शहीदों के बलिदान को याद कर देश की उन्नति में योगदान दें: प्रो. काम्बोज

**हिसार** | चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के गिरी सेंटर में 76वां गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि एचएयू के कुलपति प्रोफेसर बीआर काम्बोज ने ध्वजारोहण किया। उनके साथ उनकी धर्मपत्नी एवं कैंपस स्कूल की निदेशिका संतोष कुमारी मौजूद रहीं। कार्यक्रम में डॉ. अशोक कुमार यादव विशिष्ट अतिथि रहे। विभिन्न यूनिटों के मार्च पास्ट व सलामी दी। मुख्यातिथि प्रो. काम्बोज ने कहा कि देश के हर शख्स खासतौर पर युवाओं को संकल्प लेना होगा कि वे देश को आजाद करवाने वाले शहीदों के बलिदान को सदा याद कर देश की उन्नति में अपना भरसक योगदान दें। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खिचड़ ने मुख्यातिथि का स्वागत किया।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 28-01-25 | 6 | 4-6 |

# राष्ट्र की प्रगति में युवाओं का अहम योगदान : प्रो. काम्बोज

हिसार, 27 जनवरी (विरेन्द्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के गिरी सेंटर में आज 76वां गणतंत्र दिवस समारोह बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर बी.आर. काम्बोज रहे। उनके साथ धर्मपत्नी एवं कैंपस स्कूल की निदेशिका संतोष कुमारी मौजूद रही। कार्यक्रम में डॉ अशोक कुमार यादव विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। विभिन्न यूनिटों के मार्चपास्ट व सलामी उपरांत मुख्यातिथि प्रो. काम्बोज ने कहा कि देश के हर शख्स खासतौर पर युवाओं को संकल्प लेना होगा कि वे देश को आजाद करवाने वाले शहीदों के बलिदान को सदा याद कर देश की उन्नति में अपना भरसक योगदान दें।

मुख्यातिथि ने विश्वविद्यालय द्वारा किसानों की आय बढ़ाने के लिए लगातार किये जा रहे प्रयासों की चर्चा की और कहा की विश्वविद्यालय निरंतर उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कर रहा है। विश्वविद्यालय में स्थापित एबिक सेंटर युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने में भी अहम भूमिका निभा रहा है। एबिक के माध्यम से विद्यार्थियों, उद्यमियों,



मार्च पास्ट के दौरान मुख्यातिथि प्रो. बी.आर. काम्बोज सलामी लेते हुए।

किसानों, तथा महिलाओं को बिजनेस आइडिया पर स्टार्टअप के लिए 4 से 25 लाख रुपए की अनुदान राशि प्रदान की जाती है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे मानसिक, शारीरिक एवं बौद्धिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए हर गतिविधियां जिनमें शैक्षणिक-गैरशैक्षिणक व खेलों में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए।

## हकृवि के गिरी सैंटर के प्रांगण में धूमधाम से मनाया गणतंत्र दिवस

कार्यक्रम के दौरान कैंपस स्कूल कैंपस स्कूल व विभिन्न महाविद्यालयों के विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति से ओतप्रोत रंगारंग कार्यक्रम व भाषण प्रस्तुत किए गए। छात्र प्रिन्स सूरा ने भाषण के माध्यम से देश के वीर शहीदों याद रखने का संदेश दिया। छात्र अंशील ने परेड कमांडर के तौर पर भूमिका निभाई। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खिचड ने मुख्यातिथि का स्वागत किया और डॉ. सुशील लेगा ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया। मंच संचालन पल्लवी व रूचि ने किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के अधिकारीगण सहित विश्वविद्यालय के शिक्षक व गैर शिक्षक कर्मचारी व विद्यार्थी भारी संख्या में मौजूद रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पाठक पक्ष | 27.01.25 | | |

## राष्ट्र की प्रगति में युवाओं का अहम् योगदान : प्रो. बी.आर. काम्बोज

### हकृवि के गिरी सेंटर के प्रांगण में धूमधाम से मनाया 76वां गणतंत्र दिवस



-पाठकपक्ष न्यूज-

**हिसार, 27 जनवरी :** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के गिरी सेंटर में आज 76वां गणतंत्र दिवस समारोह बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर बी.आर. काम्बोज रहे। उनके साथ धर्मपत्नी एवं कैंपस स्कूल की निदेशिका संतोष कुमारी मौजूद रही। कार्यक्रम में डॉ अशोक कुमार यादव विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। विभिन्न यूनिटों के मार्चपास्ट व सलामी उपरांत मुख्यातिथि प्रो. काम्बोज ने कहा कि देश के हर शख्स खासतौर पर युवाओं को संकल्प लेना होगा कि वे देश को आजाद करवाने वाले शहीदों के बलिदान को सदा याद कर देश की उन्नति में अपना भरसक योगदान दें। साथ ही देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के सपने 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए साकारात्मक ऊर्जा एवं सोच के साथ आगे बढ़ने का संकल्प लें। उन्होंने गणतंत्र दिवस को एकता, सद्भावना और समानता का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा की भारत सर्वागिण रूप की तरफ आगे बढ़ रहा है और इसको गति देने के लिए सभी नागरिकों विशेषकर युवाओं को अपनी भागेदारी सुनिश्चित करनी होगी।

मुख्यातिथि ने विश्वविद्यालय द्वारा किसानों की आय बढ़ाने के लिए लगातार किये जा रहे प्रयासों की चर्चा की और कहा की विश्वविद्यालय निरंतर उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कर रहा है। विश्वविद्यालय को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के राष्ट्रीय कृषि शिक्षा प्रत्यायन बोर्ड (नैब) की ओर से सर्वश्रेष्ठ ए प्लस ग्रेड दिया गया। विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों द्वारा विभिन्न फसलों की 44 उन्नत किस्में विकसित की गई हैं। विश्वविद्यालय राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी एक अलग पहचान भी बना रहा है जिससे वैज्ञानिक व छात्र विदेशो से प्रशिक्षण के माध्यम से आधुनिक तकनीकों को यहां लाकर किसानो को लाभ पहुंचा रहे है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में स्थापित एबिक सेंटर युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने में भी अहम भूमिका निभा रहा है। एबिक के माध्यम से विद्यार्थियों, उद्यमियों, किसानों, तथा महिलाओं को बिजनेस आइडिया पर स्टार्टअप के लिए 4 से 25 लाख रुपए की अनुदान राशि प्रदान की जाती है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे मानसिक, शारीरिक एवं बौद्धिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए हर गतिविधियां जिनमें शैक्षणिक-गैरशैक्षिणक व खेलों में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। उन्होंने विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों को देश को समृद्ध बनाने व उसके उत्थान में दिए जा रहे सहयोग के लिए भूरि-भूरि प्रशंसा की। भविष्य में भी विश्वविद्यालय देश के किसानों की आर्थिक दशा को मजबूत करने के साथ देश को विकसित की राह पर ले जाने का काम करते रहेंगे। व्यक्तिगत स्वार्थ को छोड़ें एवं राष्ट्र की भलाई को सर्वोच्च रखें। बदलाव लाने के लिए अपनी ओर से थोड़ा-सा प्रयास अवश्य करें।

**विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओतप्रोत रंगारंग, सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये**

कार्यक्रम के दौरान कैंपस स्कूल कैंपस स्कूल व विभिन्न महाविद्यालयों के विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति से ओतप्रोत रंगारंग कार्यक्रम व भाषण प्रस्तुत किए गए। कैंपस स्कूल के विद्यार्थियों ने योग मुद्रा कर दिनचर्या में इसे शामिल कर लोगों में सेहत के लिए जागरुकता लाना और प्रकृति से जुड़ कर निरोगी काया रखने का संदेश दिया। छात्र प्रिन्स सूरा ने भाषण के माध्यम से देश के वीर शहीदों याद रखने का संदेश दिया। छात्र अंशील ने परेड कमांडर के तौर पर भूमिका निभाई।

छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खिचड़ ने मुख्यातिथि का स्वागत किया और डॉ. सुशील लेगा ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया। मंच संचालन पल्लवी व रूचि ने किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के अधिकारीगण सहित विश्वविद्यालय के शिक्षक व गैर शिक्षक कर्मचारी व विद्यार्थी भारी संख्या में मौजूद रहे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 28-01-25 | 4 | 1-2 |

## एचएयू में कुलपति ने ली परेड की सलामी



हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के गिरी सेंटर में गणतंत्र दिवस पर कुलपति प्रो. बीआर कांबोज ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। विभिन्न यूनिटों के मार्चपास्ट व सलामी ली। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खिचड़ ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। डॉ. सुशील लेगा ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया। मंच संचालन पल्लवी व रुचि ने किया। संवाद